BIBI FATMA TEACHERS' TRAINING COLLEGE SAMASTIPUR

Research in subject and discipline

C-5 R.N. ROY

विषय और अनुशासन में अनुसंधान

UNIT-3

अनुसंधान के अन्तर्गत जब प्रत्येक विषय को एक पूर्ण ईकाई के रूप में भिन्न-भिन्न न लेकर विभिन्न समूहों को एक समूह में लेकर अध्ययन किया जाता है व्यापक अर्थ में अनुसंधान किसी भी क्षेत्र में ज्ञान की खोज करना या विधिवत गवेषणा करना होता है। अर्थात शोध उस प्रक्रिया या कार्य का नाम है जिसमें बोधपूर्वक प्रयत्न से तथ्यों का संकलन कर सुक्ष्मग्राही तथा विवेचक बुद्धि से उसका अवलोकन-विश्लेषण करके नये तथ्यों या सिद्धान्तों का उद्घाटन किया जाता है। दूसरे रूप में यदि कहा जाय तो अध्ययन से दीक्षित होकर शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करते हुए शिक्षा में या अपने शैक्षिक विषय में कुछ जोड़ने की क्रिया अनुसन्धान कहलाती है। इसमें शोधकर्ता अपने शोध से ज्ञान के कुछ नए तथ्य या आयाम उद्घाटित करने की अपेक्षा की जाती है। अंग्रेजी शब्द रिसर्च का पर्याय है पुनः खोज करना। यह शाब्दिक अर्थ है किन्तु वास्तविकता यह है कि इसका अर्थ गहन खोज या अध्ययन है।

परिभाषाएँ :-

* ज्ञान की किसी भी शाखा में नवीन तथ्यों की खोज के लिए सावधानी पूर्वक किए गए अन्वेषण या जाँच-पड़ताल को शोध की संज्ञा दी गयी है।

  स्डांस लेन्डर

* नवीन ज्ञान की प्राप्ति के व्यवस्थित प्रयत्न को हम शोध कहते हैं।

  रैडमैन

* अवलोकित सामग्री का संभावित वर्गीकरण, साधारणीकरण एवं सत्यापन करते हेतु पर्याप्त कर्म विषयक और व्यवस्थित पद्धति है।

  शोध के अंग — एडवर्ड

* ज्ञान क्षेत्र की किसी समस्या को सुलझाने की प्रेरणा
* प्रासंगिक तथ्यों का संकलन → परिणामस्वरूप निर्णय
* विवेकपूर्ण विश्लेषण और अध्ययन

REDMI NOTE 8 PRO
AI QUAD CAMERA

R.N.ROY. अनुसंधान के प्रकार

* मात्रात्मक अनुसंधान (Quantative Research)
* गुणात्मक अनुसंधान (Qualitative Research)
* विवरणात्मक अनुसंधान (Discriptive Research)
* विश्लेषणात्मक अनुसंधान (Analytical Research)
* अनुप्रयुक्त अनुसंधान (Applied Research)
* आधारभूत अनुसंधान (Conceptual Research
* ऐतिहासिक अनुसंधान (Historical Research)
* मनोवैज्ञानिक अनुसंधान (Psychological Research)
* शैक्षिक अनुसंधान (Educational Research)

अन्तर-अनुशासनात्मक अनुसंधान - अनुसंधान के अन्तर्गत जब प्रत्येक विषय को एक पूर्ण इकाई के रूप में भिन्न-भिन्न लेकर विषयों को एक समूह में रखा जाय जिनका लक्ष्य एक ही हो अन्तर-अनुशासनात्मक अनुसंधान कहलाता है इससे विद्यार्थियों तथा शोधार्थियों को अधिकतम लाभ मिलता है यह अनुसंधान समन्वित ज्ञान के विकास में भी सहायक होता है

शैक्षिक अनुसंधान

शैक्षिक अनुसंधान से तात्पर्य वैसे अनुसंधान से है जो शिक्षा के क्षेत्र में किया जाता है इसका उद्देश्य शिक्षा के विभिन्न पहलुओं आयामों, प्रक्रियाओं आदि के विषय में नवीन ज्ञान का सृजन वर्तमान ज्ञान की सत्यता का परीक्षण उसका विकास एवं भावी योजनाओं की दिशाओं का निर्धारण करना होता है शैक्षिक अनुसंधान विशेष रूप से छात्रों के उन व्यवहारों के रूप में विकास के रूप में ज्ञान प्रस्तुत करना जिनका विकास किया

REDMI NOTE 8 PRO
AI QUAD CAMERA

R.N. Roy

जाना शिक्षा का धर्म समझा जाता है। ट्रैवर्स के अनुसार शिक्षा के विभिन्न पहलुओं के विषय में संगठित वैज्ञानिक ज्ञान पुंज का विकास अत्यन्त आवश्यक है क्योंकि इसी के आधार पर शिक्षक के लिए निर्धारित करना संभव होता है कि छात्रों में वांछनीय व्यवहारों के विकास हेतु किस प्रकार की शिक्षण एवं अधिगम परिस्थितियों का निर्माण करना आवश्यक होगा।

~~परिभाषा~~

REDMI NOTE 8 PRO
AI QUAD CAMERA